आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.10.2023/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

सुखविंदर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से राज्य स्तरीय समारोह में अनाथ, विशेष रूप से सक्षम बच्चों, निराश्रित महिलाओं और वृद्धजनों को व्यापक सहायता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना की औपचारिक शुरूआत की। इसके साथ ही हिमाचल अनाथ बच्चों व अन्य वंचित वर्गों की मदद के लिए कानून बनाकर यह योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर योजना के पात्र बच्चों को 4 करोड़ 68 लाख रुपये के वित्तीय लाभ का वितरण भी किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 17 अनाथ बच्चों को 7 लाख दो हजार रुपये फीस और 4 लाख 8 हजार रुपये मासिक व्यय का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने पालक देखभाल व प्रायोजन के अन्तर्गत एक हजार एक सौ 6 लाभार्थियों को 2 करोड़ 65 लाख रुपये के वित्तीय लाभ हस्तांतरित किए। इसके अतिरिक्त बाल देखभाल संस्थानों के 12वीं कक्षा के 30 मेधावी छात्रों को लैपटॉप और लघु व सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए तीन लाभार्थियों को छह लाख रुपये का आवंटन भी किया।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुख–आश्रय योजना के अन्तर्गत नए चिन्हित किए गए लगभग 27 सौ अनाथ बच्चों को भी 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 4 हजार रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को वार्षिक आधार पर 15 दिवसीय अध्ययन भ्रमण करवाया जाएगा, जिसका सारा खर्च प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों को प्रदत्त यह अधिकार दया के रूप में नहीं बल्कि एक कानून बनाकर उन्हें उपलब्ध करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने आपदा प्रभावित 16 हजार 5 सौ परिवारों की सहायता के लिए 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अनाथ बच्चों के साथ दोपहर भोज में भी शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि अनाथ बच्चों के कल्याण में सरकार की यह फ्लैगशिप योजना कारगर साबित होगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदा पीड़ित करीब 3 हजार 5 सौ परिवारों को 7 लाख की सहायता राशि घर बनाने के लिए देगी। आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े 4 हजार करोड़ का आपदा राहत पैकेज हिमाचल के प्रभावित परिवारों के लिए जारी किया गया है। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुआवजा राशि को बढ़ा कर प्रदेश की जनता को राहत दी है। उन्होंने कहा कि आपदा से भूमिहीन हुए परिवारों को प्रदेश सरकार घर बनाने के लिए भूमि भी देगी और नए मकान बनाने वाले परिवारों को बिजली व पानी के निशुल्क कनेक्शन देगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि लोगों ने 2 सौ करोड़ रुपये की सहायता मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दी है।

सुंदर सिंह ठाकुर

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि कुल्लू दशहरे के दौरान सफाई व्यवस्था अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रहेंगी और इसके लिए अलग–अलग टीमों का गठन किया गया है। वे आज कुल्लू में अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के प्रबंधनों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रह थे। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान ढाबा वालों को पर्यावरण मित्र पत्तलों का प्रयोग करना होगा और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर परिषद कुल्लू देखेगी।

किशोरी लाल

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने आज सिविल अस्पताल बैजनाथ में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, रेडियोलॉजी, हड्डी रोग, त्वचा, आंख, ईएनटी और बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने करीब 7 सौ 6 लोगों की जांच की। किशोरी लाल ने सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जांच करवाने आए लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि लोगों को सुगम व गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घरद्वार तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

मेरी माटी, मेरा देश

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस व राष्ट्रीय सेवा योजना और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत मनाली में आज अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने पवित्र मिट्टी को कलश में डालकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मनाली के मॉल रोड होते हुए रामबाग चौक तक अमृत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने मिट्टी और चावल को कलश में डाला। यात्रा को संबोधित करते हुए गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया है।

प्रदेश विश्वविद्यालय

प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा व मुक्त अध्ययन केन्द्र इक्डोल के शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए बी.एड़ को छोड़कर सभी स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए 10 अक्तूबर तक ऑनलाईन प्रवेश लेने की तिथि बढ़ा दी है।